| प्रेस नोट–198/2026 |
|---|
| दिनांक 09.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद फतेहपुर/थाना थरियांव**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 08.04.2026 को थाना थरियांव पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम टेक्सारी बुजुर्ग जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त जीशान घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नगद रूपये, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कौशाम्बी, फतेहपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना थरियांव पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना थरियांव पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जीशान निवासी ग्राम अमांव थाना खागा जनपद फतेहपुर।

**बरामदगी**

1–नगद रूपये।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना गुलावठी**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 09.04.2026 को थाना गुलावठी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मुंडा खेडा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अय्युब को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 14 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना गुलावठी पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अय्युब निवासी ग्राम मुंडा खेडा थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

**जनपद मीरजापुर/थाना कछवां**

- **अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 05 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 170 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (एमडीएमए)**
- **नगद रूपये, 04 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 09.04.2026 को थाना कछवां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भैंसा नगर तिराहा के पास से अवैध मादक पदार्थ की

तस्करी कर रहे 03 अभियुक्तों 1–इन्द्रेश कुमार उर्फ बुल्ला 2–विनीत उर्फ विकास 3–अमित कुमार उर्फ सिपाही को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 170 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (एमडीएमए), नगद रूपये, 04 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कछवां पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इन्द्रेश कुमार उर्फ बुल्ला निवासी ग्राम बरैनी थाना कछवां जनपद मीरजापुर।

2–विनीत उर्फ विकास निवासी ग्राम बरैनी थाना कछवां जनपद मीरजापुर।

3–अमित कुमार उर्फ सिपाही निवासी ग्राम बरैनी थाना कछवां जनपद मीरजापुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 05 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 170 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (एमडीएमए)।

2–नगद रूपये, 04 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस–1

- **अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **05 अवैध पिस्टल 32 बोर**
- **06 अवैध तमंचा विभिन्न बोर बरामद**

दिनांक 09.04.2026 को थाना फेस–1 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गन्दे नाले पुलिया के पास अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्तों 1–अभिषेक 2–समीर को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 05 अवैध पिस्टल 32 बोर, 06 अवैध तमंचा विभिन्न बोर बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना फेस–1 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अभिषेक निवासी ग्राम सोरखा सेक्टर–115 नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–समीर निवासी सेक्टर–27 नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–05 अवैध पिस्टल 32 बोर।

2–06 अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

**जनपद कुशीनगर/थाना सेवरही**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 06 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 09.04.2026 को थाना सेवरही पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 03 अभियुक्तों 1–लड्डू उर्फ अजय 2–तबरेज उर्फ सोनू 3–कमलेश प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 06 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सेवरही पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–लड्डू उर्फ अजय निवासी धामा पाकड़ थाना मांझा जनपद गोपालगंज बिहार।

2–तबरेज उर्फ सोनू निवासी कथवलिया उर्फ हबीरपुर थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर।

3–कमलेश प्रसाद निवासी दवनहा थाना सेवरही जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 06 मोटर साइकिल।

- **<u>जनपद बागपत/थाना बालैनी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 01 लाख 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बागपत पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बागपत द्वारा थाना बालैनी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 452 भादवि व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त सौकेन्द्र को आजीवन कारावास व 01 लाख 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद कानपुर देहात/थाना भोगनीपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना भोगनीपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त छोटे को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————